दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, शुक्रवार 17 दिसंबर 2021

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंचायत सचिव प्रेम कुमार राठिया निलंबित

**रायगढ़।** सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल ने ग्राम पंचायत बड़गांव, अतिरिक्त प्रभार ग्राम पंचायत आमाघाट के ग्राम पंचायत सचिव प्रेम कुमार राठिया को गोधन न्याय योजना के कार्य में लापरवाही बरतने, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति के सर्वे कार्य नहीं करने, 14 वें वित्त आयोग एवं 15 वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग नहीं करने, सचिवों की समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहने, मुख्यालय पंचायत में निवास नहीं करने एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रदाय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र/फोटोग्राफ्स उपलब्ध नहीं कराने तथा अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के लिए प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत तमनार निर्धारित किया गया है।

### भारतीय वायु सेना रैली के संबंध में प्रचार-प्रसार एवं कार्यशाला का आयोजन 20 एवं 21 दिसम्बर को

**रायगढ़।** कमांडिंग आफिसर 15 एयरमेन सलेक्शन सेन्टर एयरफोर्स राजीव गांधी परिसर 35 श्यामला हिल्स भोपाल के द्वारा वायु सेना भर्ती कार्यालय के 5 सदस्यीय अधिकारियों द्वारा जिले में वायु सेना भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जिसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार तथा भर्ती रैली के संबंध में कार्यशाला का आयोजन 20 दिसम्बर 2021 दिन-सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र रायगढ़ में तथा 21 दिसम्बर 2021 दिन-मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से शासकीय आईटीआई रायगढ़ में किया जाएगा।

### हापा-बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22939/22940 हापा-बिलासपुर-हापा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 22939 हापा-बिलासपुर में, हापा से 18 दिसम्बर को तथा गाड़ी संख्या 22940 बिलासपुर-हापा में, बिलासपुर से 20 दिसम्बर को उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से स्लीपर कोच में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

### जीएन गोल्ड कंपनी का फरार डायरेक्टर महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**रायपुर/बिलासपुर (आरएनएस)।** निवेशकों की रकम लेकर फरार जीएन गोल्ड कंपनी का एक और फरार डायरेक्टर को कोटा पुलिस ने महाराष्ट्र के गोंदिया जिले से गिरफ्तार कर लिया है। मामले में दो आरोपी डायरेक्टर पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। प्रदेश के अलग-अलग स्थानों में गोल्ड के डायरेक्टरों के खिलाफ 16 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला दर्ज है। कोटा थाने में जीएन गोल्ड के डायरेक्टरों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज है।

## कोविड मरीज वाले घरों को बनाएं कंटेनमेंट जोन- कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की ली मासिक समीक्षा बैठक**



**रायगढ़।** हाल में आ रहे कोविड केसेस को लेकर पूरी सतर्कता बरती जाए, जिन घरों से कोविड पॉजिटिव मरीज मिल रहे है उसे कंटेनमेंट जोन बनाया जाए। घर के बाहर मार्किंग के साथ ही बेरीकेडिंग करें। मरीजों की कांटेक्ट ट्रेसिंग कर सेम्पलिंग व टेस्टिंग करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कोविड की संभावित तीसरी लहर व नये ओमिक्रान वेरियेंट को लेकर पूरी सावधानी रखी जाए। अभी कोविड के कम मामले है, संक्रमितों के कांटेक्ट से ही केसेस निकल रहे है। ऐसे में पूरी गंभीरता के साथ कंटेनमेंट प्रोटोकाल का पालन किया जाए, जिससे कोविड संक्रमण को शुरूआत में ही रोका जा सके। इसके लिए उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्वास्थ्य सहित अन्य सभी विभागों के साथ समन्वय करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने जिला चिकित्सालय में सोनोग्राफी व सिटी स्केन जांच के संबंध में डीन मेडिकल कालेज व अधीक्षक जिला अस्पताल से चर्चा की। उन्होंने रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक के लिए बरमकेला में पदस्थ चिकित्सक की पदस्थापना जिला चिकित्सालय में करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर सिंह ने बैठक में हाट-बाजार योजना की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विकास खण्डवार प्रति हाट-बाजार आ रहे मरीजों व उनको उपलब्ध करायी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने सभी हाट-बाजार क्लीनिक को संबंधित बाजार के समय अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने हाट-बाजार में भेजे जाने के लिए डेडीकेटेड वाहन की खरीदी व ब्रांडिंग का काम इस माह के अंत तक पूरा करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने इन क्लीनिक के संचालन में मरीजों के परीक्षण के लिए हाट-बाजार में शेड भी बनवाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के साथ निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों में चल रहे निर्माण गतिविधियों की जानकारी ली। ज्ञात हो कि हाऊसिंग बोर्ड द्वारा जिले के विभिन्न अस्पतालों के उन्नयन व एनआरसी सेंटर से जुड़े निर्माण कार्य किए जा रहे है। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता द्वारा सभी कार्यों की सिलसिलेवार जानकारी दी गई। कलेक्टर सिंह ने कार्यों की धीमी प्रगति को लेकर कड़ी नाराजगी जतायी और कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों के उन्नयन का कार्य प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने जिले के अस्पतालों में किए जा रहे नवीन भवन निर्माण व अपग्रेडेशन, एनआरसी भवन के उन्नयन व निर्माण, हमर लैब, ब्लड बैंक निर्माण की विकासखण्डवार समीक्षा कर इन अस्पतालों के इंचार्ज अधिकारियों से भी काम की गुणवत्ता की जानकारी ली।

कलेक्टर सिंह ने जिले के अस्पतालों में ड्यूटी कर रहे चिकित्सकों की प्रतिमाह ओपीडी व आईपीडी में मरीजों के इलाज की भी समीक्षा की। उन्होंने इस मामले में टॉप टेन चिकित्सकों की सराहना करते हुए कमजोर प्रदर्शन वाले डॉक्टरों को शो-काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों को निर्धारित समय पर ड्यूटी करना अनिवार्य है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के क्लेम के बारे में भी स्वास्थ्य केन्द्रवार समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों द्वारा अपेक्षित संख्या में क्लेम नहीं करने को लेकर नाराजगी जतायी व 50 प्रतिशत से कम क्लेम किए गए स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी को उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, मेडिकल कालेज के डीन डॉ.पी.एम.लूका, सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी, अधीक्षक मेडिकल कालेज डॉ.मनोज मिंज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पोषण पुनर्वास केन्द्र में हमेशा भरे हो बेड ऐसी बनाएं व्यवस्था** – कलेक्टर सिंह ने पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी ली। उन्होंने केन्द्रवार बेड आक्यूपेंसी रेट पर चर्चा की तथा भरे व रिक्त बेड की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सुनिश्चित करें कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों में बेड कभी भी रिक्त नहीं रहना चाहिए। डिस्चार्ज होने वाले बच्चे के स्थान पर दूसरे जरूरतमंद बच्चे को उसी दिन एडमिट कराने की अग्रिम सूचना कर व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे इन पोषण पुनर्वास केन्द्रों का अधिकतम लाभ कुपोषित बच्चों को मिल सके।

**गर्भवती महिलाओं के हिमोग्लोबिन जांच के लिए चलेगा अभियान** – कलेक्टर सिंह ने बैठक में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच पर भी चर्चा की। उन्होंने जिले की गर्भवती महिलाओं में रक्ताल्पता की जांच के लिए सभी के हिमोग्लोबिन टेस्ट अभियान चलाकर अगले एक माह में पूरा करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। इसके लिए उन्होंने सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में तमाम जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा महिलाओं को सूचित करने के निर्देश दिए।

## आमानारा जंगल में छिपा था नाबालिग से दुष्कर्म का फरार हुआ आरोपी, धरमजयगढ़ पुलिस की गिरफ्तार



**रायगढ़।** कल दिनांक 15/12/2021 के शाम थाना धरमजयगढ़ में नाबालिग बालिका का पिता गांव के कुछ लोगों के साथ आकर थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक विजय पैंकरा को उसकी नाबालिग लड़की के साथ गांव में पिछले दो ढाई माह से मेहमानी पर आये अकील साय पिता टंगरू साय (उम्र 20) वर्ष निवासी ग्राम सरहापानी थाना सीतापुर अंबिकापुर (सरगुजा) द्वारा शादी घर में जाते समय रास्ता रोक कर जबरन जंगल ले जाकर दुष्कर्म करना बताया गया। थाना प्रभारी द्वारा आरोपी अकील साय के विरूद्ध धारा 376(3) भादवि 4,6 पास्को एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर अपने स्टाफ के साथ आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये रवाना हुये। आरोपी अकील साय गिरफ्तारी से बचने के लिये गांव से फरार हो गया था।

महिला संबंधी अपराध को गंभीरता पूर्वक लेते हुए एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा पुलिस की एक टीम आरोपी के गृहग्राम सीतापुर रवाना किया गया तथा एक टीम टीआई विजय पैंकरा के नेतृत्व में धरमजयगढ़ क्षेत्र में पतासाजी किया जा रहा था जिसे रिपोर्ट दर्ज के 24 घंटे के भीतर आमानारा जंगल में छिपे होने की मुखबिर सूचना पर पुलिस पार्टी द्वारा घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कल न्यायिक रिमांड पर भेजा जावेगा।

## बेहतर परिणाम के लिए अच्छे से करें तैयारी- कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह पहुंचे सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद स्कूल, विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित**



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने सारंगढ़ के स्वामी आत्मानंद एवं गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई को लेकर चर्चा की और स्कूल में चल रहे निर्माण कार्यों का भी अवलोकन किया। इस दौरान एसपी अभिषेक मीणा, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित थे।

कलेक्टर सिंह ने स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल विद्यालय के विद्यार्थियों से उन्हें पढ़ाये जा रहे विषयों से जुड़े सवाल पूछे। उन्होंने कक्षा दसवीं का निरीक्षण कर बच्चों को अंग्रेजी विषय से जुड़े प्रश्न पूछे तथा उनका जवाब बोर्ड पर लिखवाया। उन्होंने अंग्रेजी विषय में बच्चों की स्पेलिंग व ग्रामर की दक्षता को भी परखा। विद्यार्थियों द्वारा सही जवाब दिए जाने पर उनकी सराहना भी की। इस दौरान उन्होंने बच्चों से कोरोनाकाल के दौरान ऑनलाईन क्लासेंस अटेंड करने के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि आपके स्कूल को अपग्रेड किया जा रहा है। अतः आप सभी के परिणाम भी वैसे ही अपग्रेड होने चाहिए, इसके लिए जरूरी है कि आप सभी खूब लगन और मेहनत से पढ़ाई करें। किसी भी प्रकार के डाउट होने पर अपने विषय शिक्षक से पूछकर उसका समाधान करें।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने स्कूल में चल रहे निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने स्कूल के लाइब्रेरी, लैब एवं कक्षाओं में चल रहे कार्यो को देखा, जिला शिक्षा अधिकारी को सभी कक्षाओं ब्लैक बोर्ड के मरम्मत के निर्देश दिए, साथ ही लाइब्रेरी एवं लैब के कार्यो को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे विद्यार्थी इसका लाभ जल्द से जल्द मिल सके। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए सभी कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

## सारंगढ़ के उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर, धान खरीदी का लिया जायजा



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने सारंगढ़ और भड़िसार के धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केन्द्रों में आए किसानों से चर्चा की और प्रबंधकों से अब तक हुई खरीदी की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने प्रतिदिन समय से खरीदी शुरू करने व उस दिन के लिए जारी टोकन अनुसार खरीदी पूर्ण करने के लिए कहा। साथ ही पूरी गंभीरता से तौलाई करवाने के निर्देश दिए। धान की बोरियों की व्यवस्थित स्टेकिंग करवाने के लिए भी समिति प्रबंधन को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा, जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल भी उपस्थित थे।

इस दौरान कलेक्टर सिंह ने प्रबंधक से व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं की गई है। इसके साथ ही सभी कार्य नियत समय में किया जा रहा है। जिससे किसानों को परेशानी न हो। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने उपार्जन केन्द्र में धान बेचने आये किसानों से खरीदी संबंधी व्यवस्थाओं पर चर्चा की। किसानों ने कहा कि उपार्जन केन्द्र में सारी व्यवस्था बेहतर है। इस दौरान अम्बे नगर सारंगढ़ निवासी किसान गजराज सिंह रात्रे ने बताया कि टोकन कटवाने और तौलाई में किसी प्रकार की समस्या नही आ रही हैं।

इसके पश्चात उन्होंने भड़िसार नवीन उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने समिति प्रबंधक से व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। प्रबंधक ने बताया कि किसानों द्वारा बहुत दिनों से मांग थी कि भड़िसार को उपार्जन केन्द्र बनाया जाए। पहले किसानों को केडार उपार्जन केन्द्र जाना पड़ता था, जो 5 से 7 किलोमीटर दूरी पर है। भड़िसार में उपार्जन केन्द्र बनने से किसान काफी खुश है। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने धान की नमी का मापन करवाया। उन्होंने तौल हो चुके धान की बोरियों की पुनः तौलाई करवाकर भी देखा। उन्होंने कहा कि धान की तौलाई पूरी गंभीरता से किया जाए। इस दौरान उन्होंने प्रबंधक से बारदाना के संबंध में जानकारी ली। प्रबंधक ने बताया कि बारदाना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कलेक्टर सिंह ने प्रबंधक से किसानों के भुगतान के संबंध में जानकारी ली। प्रबंधक ने बताया कि अपेक्स बैंक के माध्यम से किसानों को नियमित भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में बैंक में भीड़ एवं दूरी की समस्या को देखते हुए कलेक्टर सिंह अपेक्स बैंक के अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों के स्थानीय स्तर पर भुगतान के लिए समुचित व्यवस्था किया जाए। जिससे किसानों को नगद निकासी में किसी प्रकार की समस्या न हो।

इस दौरान एसडीएम सारंगढ़ नंदकुमार चौबे, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं सुरेन्द्र कुमार गोंड़ सहित संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर भीम सिंह ने राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह आज कलेक्टोरेट परिसर में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में तथा समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ग्रामों में भम्रण करेगी तथा एच.आई.वी.संक्रमण के लक्षण, उसके फैलने के कारण एवं बचाव के बारे में माईकिंग के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान करेगी। सीएमएचओ डॉ.केशरी ने बताया कि ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण संस्थान निमोरा रायपुर से प्रशिक्षण प्राप्त नुक्कड़ नाटक नाचा रैली के माध्यम से कलादल की प्रस्तुति लोगो में जनजागरूकता अभियान के तौर पर 15 दिसम्बर से 4 जनवरी 2022 तक कार्यक्रम आयोजित रहेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये टोल फ्री नं. 1097 एवं नजदीकी आईसीटीसी केन्द्र पर संपर्क कर सकते है।

## कलेक्टर जनदर्शन में दिव्यांग चंदराम को मिला ट्रायसायकल



**रायगढ़।** दिव्यांग चंदराम साहू आज कलेक्टर जनदर्शन में ट्रायसायकल की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे थे। कलेक्टर भीम सिंह ने उसकी मांग व समस्या को देखते हुए तत्काल समाज कल्याण विभाग को ट्रायसायकल प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर के निर्देश पर अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी ने दिव्यांग चंदराम साहू को ट्रायसायकल वितरित किया। ट्रायसायकल पाकर दिव्यांग चंदराम साहू खुशी व्यक्त करते हुए कलेक्टर एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया।

ज्ञात हो कि सारंगढ़ तहसील के खोखसीपाली-सोढहाडीह निवासी 26 वर्षीय दिव्यांग चंदराम साहू का दाहिना पैर एक सड़क दुर्घटना के कारण काटना पड़ा था। जिसकी वजह से साहू को अपने दैनिक कार्यों हेतु आवागमन के लिए अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ट्रायसायकल की मांग को लेकर दिव्यांग साहू आज कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे। दिव्यांग की मांग पर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप संचालक समाज कल्याण जगजीवन राम जांगड़े उपस्थित रहे।

## मिट्ठूमुडा के भाटिया कॉलोनी में जूटमिल पुलिस की बड़ी जुआ रेड कार्यवाही, 7 जुआरियों से 81 हजार नगद बरामद

**» शहर के कोष्टापारा में जुआ खेलते 08 जुआरी पकड़ाये**

**» जुआरियों से नकदी 6,300 रूपए जब्त, कोतवाली पुलिस की कार्रवाई**



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पाटले, सीएसपी योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर आज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जुआरियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाकर कार्यवाही की गई, जिसमें जूटमिल पुलिस द्वारा चौकी प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में मिट्ठूमुडा भाटिया कॉलोनी में देर शाम मुखबीर सूचना पर जुआ रेड की बड़ी कार्यवाही की गई जिसमें

जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़े गए 07 जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनसे कुल 81120 रुपए जप्त किया गया हैं जिनके नाम निम्नानुसार है 01. कृष्ण कुमार मिश्रा पिता सुखदेव मिश्रा उम्र 27 साल शौकीन विजयपुर थाना चक्रधरनगर रायगढ़ 02. रवि देवांगन पिता मेहता देवांगन उम्र 46 साल साकिब गोपालपुर थाना चक्रधर नगर रायगढ़ 03. सुनील अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल उम्र 42 साल शौकीन रेलवे बग्लापारा थाना कोतवाली 04. पवन जयसवाल पिता जगदीश जायसवाल उम्र 46 साल साकिन कृष्णा वाटिका कॉलोनी थाना चक्रधर नगर रायगढ़ 05. जय सिंह ठाकुर पिता बीएल ठाकुर उम्र 52 साल साकिन केवड़ाबस स्टैंड थाना कोतवाली 06. किशन पिता जोगिंदर गजभिए उम्र 32 साल शौकीन महरापारा चौकी जूटमिल 07.रवि सिंह पिता मनराखन सिंह उम्र 50 साल साकिन जय गली कोतरा रोड थाना कोतवाली पर पुलिस चौकी जूटमिल में जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

इसी क्रम में आज दिनांक 16.12.2021 के शाम थाना प्रभारी मनीष नागर के नेतृत्व में उपनिरीक्षक बीएस डहरिया, प्रधान आरक्षक सुमन चौहान, आरक्षक उत्तम सारथी, विपिन पटेल द्वारा मुखबीर सूचना पर पुत्री शाला के पास कोस्टापारा में जुआ खेलने की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। जहां जुआ के एक फड पर जुआरीयान 1- अंशु अग्रवाल पिता घनश्याम अग्रवाल उम्र 24 साल निवासी अग्रसेन चौक रायगढ़ 2- ओमप्रकाश पुरसेठ पिता कमलकांत पुरसेठ उम्र 40 वर्ष निवासी पुत्री शाला रायगढ़ 3- अंकित शराफ पिता विनोद शराफ उम्र 30 वर्ष निवासी पुत्री शाला 4- गोलू यादव पिता तेजराम यादव उम्र 28 वर्ष निवासी चक्रधर नगर रायगढ़ 52 पत्ती ताश से जुआ खेलते पकड़े गए इनके पास से नगदी 3,100 रुपए की जब्ती की गई है।

वहीं दूसरे जुआ फड पर जुआरीयान 1- नरेश अग्रवाल पिता स्वर्गीय श्याम सुंदर अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी रामलीला मैदान रायगढ़ 2- सुमित देवांगन पिता विद्याधर देवांगन उम्र 30 वर्ष निवासी पुत्री शाला रायगढ़ 3- हसन पिता एम रहमान 44 वर्ष पुत्री शाला रायगढ़ 4- दीपक द्विवेदी पिता परवेशचंद्र द्विवेदी उम्र 40 वर्ष कोट्टापारा रायगढ़ को 52 पत्ते तास के साथ पकड़ा गया है जिनसे 3,200 रुपए नगदी की जब्ती की गई है। आरोपियों पर थाना कोतवाली में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480